दिनाँक 2 मई, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रागंण में वाणिज्य विभाग के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस विदाई समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के निर्देशन में सम्पूर्ण कार्य सुचारु रुप से चला. प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन की आवश्यकता पतंग की डोर के समान है जिसे कटी पतंग के समान हो सकता है और जीवन की आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सन्देश देते हुए कहा “जब से परीक्षा वाली जिन्दगी पूरी हुई है, तन से जिन्दगी की परीक्षा शुरु हो जाती है”. वाणिज्य विभाग्के अध्यक्ष डॉ0 प्रवीन गुप्ता के कुशल नेतृत्व में विदाई समारोह सम्पन्न हुआ. इस विदाई समारोह में मिस पी.जी. पूजा जोशी, मिस यू.जी. अंबिका, मिस्टर यू.जी. हर्ष मलिक को चुना गया.

इस विदाई समारोह में मंच संचालन सागर (एम.कॉम. प्रथम वर्ष) व पूजा वत्रा (बी.काँ. आनर्स, द्वितीय वर्ष) के द्वारा किया गया.

इस समारोह में डॉ0 रेखा सैन, सीमा मलिक, स्वाति अग्रवाल, अनीता, सीमा बहल, नेहा ठाकुर, भावना इत्यादि प्रवक्तागण उपस्थित थे.